वर्ष 30 अंक 95
Pages 12
Bareilly, Sunday,
16 December 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 2/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 3 :MIDDLE

'थिंक एंड लर्न' में 6 स्टूडेंट हुए सेलेक्ट

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (15 Dec): श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी के बीटेक अंतिम वर्ष के 6 स्टूडेंट्स का थिंक एंड लर्न बैंग्लौर, बॉयजूस में सैटरडे को चयन हुआ है. कंपनी ने कॉलेज में पूल कैंपस का आयोजन किया था. इसमें प्रदेश के विभिन्न कॉलेजेज से कुल 147 स्टूडेंट्स ने प्रतिभाग किया था. कंपनी ने कुल 12 स्टूडेंट्स का अंतिम चयन किया, जिसमें 6 स्टूडेंट्स श्रीराममूर्ति इंजीनियरिंग कॉलेज के हैं, जबकि छह प्रदेश के अन्य संस्थानों के थे. राममूर्ति कॉलेज के सौरभ कुमार दुबे, आदित्य तिवारी, हितेन्द्र सिंह धनोआ, मोहित सक्सेना, नमन उपाध्याय और शिवांग मिश्रा आदि रहे. पूल कैम्पस में श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी बरेली एवं उन्नाव, एमजेपीआरयू, फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, इंवर्टिस यूनिवर्सिटी, श्री सिद्धी विनायक कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आदि कॉलेजेज ने भाग लिया. इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा और डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे.